ऊर्जा मंत्री पारस जैन का सत्संग मे उद्बोधन

तपोबल से ब्रह्माकुमार करते हैं विश्व कल्याण

शिव आमंत्रण ■ नीमच

मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री पारस चंद्र जैन ने ज्ञान मार्ग स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के सद्भावना सभागार मे सत्संग कार्यक्रम मे अपने उद्बोधन मे कहा, पूरे दो दिन मुझे ब्रह्माकुमारी संस्थान के मुख्यालय माउण्ट आबू मे रहने का सौभाग्य मिला। ऐसी परम पवित्र भूमी पर मुझे स्वर्ग के समान सुख शांति की अनुभूति हुई। पिछले कई वर्षों से उज्जैन मे भी ब्रह्माकुमारी संस्थान के संपर्क मे रहा हूं और यहां के भाई बहनों की त्याग-तपस्या आर पावत्रता क साथ सेवाभाव मुझे बहुत प्रभावीत करता है। आज मुझ ब्रह्माकुमारा का यह सुंदर और भव्य केंद्र देखने का साभाग्य मिला, यहा का इतना सुंदर केन्द्र और व्यवस्थायें देखकर म आभभूत हू। यहा इतना बडा संख्या मे भाई बहन सत्संग और तपस्या मे लीन है जबकि दुनिया मे अधिकांश लोग नींद मे होते है तो ब्रह्माकुमारी के भाई-बहन सभी के कल्याण के लिए राजयोग के आधार से तपस्या करते है।

ऊर्जा मंत्री पारस जैन का स्वागत ब्रह्माकुमारी संस्थान के सबझोन निदेशक बीके सुरेन्द्र ने किया, बीके सविता ने उनको आत्मस्मृति का तिलक लगाया। मंत्री श्री. पारस जैन ने व्यक्तिगत रूचि लेकर राजयोग ध्यानसाधना पिरामिड मे ध्यान का अभ्यास किया।

नीमच के कार्यक्रम में मौजूद लोग तथा कार्यक्रम को संबोधित करते मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री पारसचंद्र जैन।

बेटी सशक्त बनाओ कार्यक्रम में आशा सेविकाओं को मार्गदर्शन

आशा सेविकाओं से शपथ लेती डॉ. शुभदा नील।

शिव आमंत्रण, पनवेल। समाज में महिलाओं की घटती संख्या एक चिंताजनक बात है। बेटियों के जन्म का दर आश्चर्यकारक रीति से कम हो रहा है। लड़का ही चाहिए यह जिद्द, लड़कियों के साथ बर्ताव में अंतर, महिलाओं में बढ़ती आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक असुरक्षितता, दहेज की कुरीति, गर्भलिंग की जानकारी मिलने की सहज और किफायती उपचार पद्धती के कारण स्त्री भ्रूण हत्या का प्रमाण बढ़ रहा है। उसके लिए जनजागृती हो और समाज में लड़कियों का सम्मान हो, स्त्री भ्रूण हत्या न हो इसके लिये स्त्री-रोग तज्ञ डॉ. शुभदा नील ने ब्रह्माकुमारीज व डिवाइन संस्कार रिसर्च फाउंडेशन की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, सशक्त बनाओ' विषय में आशा सेविकाओं का अनमोल मार्गदर्शन किया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज, डिवाइन म्युजियम, न्यू पनवेल में संपन्न हुआ। पनवेल तालुका आरोग्य अधिकारी डॉक्टर. राजेंद्र इटकरे तथा नेरे व अजिवली कार्यक्षेत्र में सेवाएं देने वाले 'आशा' सेविका संयोजक कार्यक्रम में उपस्थित थे। डॉ. शुभदा नील ने दिव्य माता बालक गर्भसंस्कार विषय में भी मार्गदर्शन किया। इस बारे में प्रो.इ.वी. गिरीश ने भी मार्गदर्शन किया।

सखी शक्ति मैराथन में दिखा अपार उत्साह

अपनी असीमित शक्तियां महिलाएं भूल चुकी हैं

सखी शक्ति मैरॉथन में व्यक्त विचार

शिव आमंत्रण ■ संबलपुर

सखी शक्ति मैरॉथन में शामिल धाविकाएं।

आज महिलाएं यह भूल चुकी हैं कि उनके अंदर असीमित शक्तियां व अदम्य साहस छिपा हुआ है, महिलाओं के अंदर छिपी इन्हीं शक्तियों का आह्वान करने व जागरूकता फैलाने के लिए, ओड़िशा के संबलपुर में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा सखी शक्ति वूमेंस मिनी मैरॉथन 2017 का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर समर्थ वर्मा, महिला प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका डॉ. बीके सविता, संबलपुर सबजोन प्रभारी बीके पार्वती समेत अनेक बीके सदस्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर समर्थ वर्मा ने मिनी मैरॉथन के आयोजन के लिए संस्थान का धन्यवाद किया, वहीं बीके डॉ.सविता ने सभी बेटे व बेटी को समान हक देने की बात कही। इस मैरॉथन में भाग लेने वालों को 3 ग्रुप में डिवाइड किया गया जिसमें बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्ग भी शामिल हुए और सभी ने बड़े उमंग-उत्साह से 4 किलोमीटर की मैरॉथन को पूरा किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत करके उनका मनोबल बढ़ाया गया।

राजयोग से व्यापारियों ने सीखे सफलता के मंत्र

शिव आमंत्रण ■ आबूरोड

सम्बल — शहीद जवानों के माताओं को लाख रु. के चेक प्रदान करती दादी रतनमोहिनी।

व्यापार एवं उद्योग देश व समाज की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण है। परन्तु धन सही तरीके से कमाया जाये तो इससे शांति और सुकून का भी विकास होता है। इसी के मद्देनजर ब्रह्माकुमारीज संस्था के व्यापार एवं उद्योग प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

व्यापार में सफलता एवं समृद्धि के लिए आयोजित व्यवसायियों का सम्मेलन कई मायनों में अहम है। क्योंकि इसके जरिये ही समाज में विकास के साथ शांति और सुकून का विकास होता है। परन्तु धन कैसे कमाया जाये इसके लिए राजयोग व आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रेरित किया गया। सम्मेलन के दौरान विशेष तौर पर ध्यान योग सत्रों का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने ध्यान योग सीखकर व्यापार में सफलता के मंत्र सीखे।

यह सम्मेलन तब और खास हो गया जब कश्मीर के बारामूला में आंतकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए सेना के जवानों के परिजनों को प्रभाग के उद्योगपतियों की ओर से एक-एक लाख के चेक प्रदान किये गये। एक जवान राजस्थान के उदयपुर तथा दूसरा बांसवाड़ा के थे। संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, दिल्ली के व्यवसायी जगमोहन अग्रवाल तथा ग्लोबल हॉस्पिटल की मैनेजर पब्लिक रिलेशन डॉ. बिन्नी तथा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके योगिनी ने चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

शहीद के परिजनों ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का यह प्रयास निश्चित तौर पर लोगों को सेना में जाने के लिए प्रेरित करेगा तथा शहीदों के परिवारों को सम्बल प्रदान करेगा। सम्मेलन का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके योगिनी, दिल्ली के सुप्रसिद्ध व्यवसायी जगमोहन अग्रवाल, ग्लोबल हॉस्पिटल की मैनेजर पब्लिक रिलेशन डॉ. बिन्नी तथा मन प्रबंधन विशेषज्ञ ई.वी.गिरिश समेत कई लोगों ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित सदस्यों ने भाग लिया।

375 की नेत्र जांच 45 के मोतियाबिंद ऑपरेशन

शिव आमंत्रण ■ भीनमाल

संबोधन — भीनमाल नेत्र चिकित्सा शिविर में बोलती बीके गीता।

स्थानीय प्रभु वरदान भवन में 103 वां विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर स्व. माता हंजाबाई एवं स्व. पिता गंगासिंह की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र गुमानसिंह राव (पूर्व पार्षद व पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष) व उनके पौत्र भरतसिंह राव, इन्द्रसिंह राव, अशोकसिंह राव भीनमाल की ओर से ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र, भीनमाल तथा ग्लोबल नेत्र संस्थान, तलहटी आबूरोड एवं जिला अन्धता निवारण समिति, जालोर के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम उद्घाटन विधायक पूराराम चौधरी, उपखण्ड अधिकारी चेनाराम चौधरी, पालिकाध्यक्ष सांवलाराम एम देवासी, स्वामी तीर्थानंद खाण्डादेवल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिंगलाजदान चरण, श्रवणसिंह राव, क्षेमकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदारसिंह ओपावत, पार्षद सरोज बाफना, बीके गीता, डॉ. अभिमन्यु नेत्र चिकित्सक आबूरोड के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात् राजयोग केन्द्र की संचालिका बीके गीता द्वारा भामाशाह का सम्मान करते हुए इस प्रभु वरदान भवन में आज 103 वां नि:शुल्क कैम्प आयोजित किया गया। इन कैम्पों में कई लोगों के नि:शुल्क ऑपरेशन किये जा चुके हैं। जिसमें लगभग सभी ऑपरेशन सफल हुए हैं।

जांच की दी दवाई

ग्लोबल सेवा संस्थान, तलहटी से पहुंचे डॉ.अभिमन्यु सहित उनकी टीम द्वारा लगभग 375 से उपर मरीजों की नेत्र जाँच कर उन्हें दवाई दी गई तथा नम्बर निकालकर चश्मे उपलब्ध करवाये गये। तथा मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए 45 मरीजों की पूर्ण जाँच कर उन्हें ऑपरेशन के लिए संस्थान की बस द्वारा ग्लोबल नेत्र संस्थान, तलहटी आबूरोड भेजकर उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भरतसिंह राव द्वारा किया गया। इस मौके पर लक्ष्मण भजवाड, बीके हरि, बीके दला, बीके गणेश, बस्तीमल सुथार, मनोहर सिंह राज पुरोहित, बीके किर्ती, बीके संध्या, बीके अंजु, बीके अंजली सहित कई लोगों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

स्वर्णिम सिंगरौली बनाने की प्रतिज्ञा

शिव आमंत्रण, सिंगरौली । मध्यप्रदेश के सिंगरौली में ब्रह्माकुमारीज द्वारा 'स्वर्णिम सुखमय सिंगरौली' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिंगरौली में नॉर्थर्न कोल फील्ड्स के महाप्रबंधक राजपाल यादव, अमलोरी में नॉर्थर्न कोल फील्ड्स के महाप्रबंधक अंजनी कुमार त्रिपाठी, सह-प्रबंधक अखिलेश कुमार, कृष्णशिला प्रोजेक्ट के डीज़ीएम ए. के. झा, पत्रकार समूह के उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, रोडवेज के महाप्रबंधक केसरवानी, ब्रह्माकुमारीज में भोपाल जोन की निदेशिका बीके अवधेश, सीधी सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रेखा, सिंगरौली सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शोभा समेत अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। ओल्ड मार्केट में आयोजित इस कार्यक्रम में बीके अवधेश ने सभी को राजयोग द्वारा अपने आपको मैनेज करने की सलाह दी साथ ही सभी को अपने घर, गांव और सिंगरौली को स्वच्छ एवं स्वर्णिम सिंगरौली बनाने की प्रतिज्ञा करायी।

नर्मदा सेवा यात्रा का आयोजन

शिव आमंत्रण, रिवा। म.प्र. के रिवा स्थित श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मध्यप्रदेश के जन अभियान परिषद् द्वारा नर्मदा सेवा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के वाणिज्य एवं खनिज मंत्री राजेंद्र शुक्ल से रिवा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके निर्मला ने मुलाकात कर ईश्वरीय संदेश देते हुए संस्था के 80 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यालय माउंट आबू में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय उत्सव में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में रिवा संभाग के समस्त संत, महात्माओं समेत ब्रह्माकुमारीज़ को आमंत्रित किया गया था। साथ ही अपर कलेक्टर नीलेश पारिक, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ पीसी. द्विवेदी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय संयोजक अमिताभ समेत रिवा संभाग के लगभग आठ सौ पदाधिकारी मौजूद थे।

विचार मंथन

स्वर्णयुग की पुनर्स्थापना विषय पर राजनीतिज्ञों के सेमिनार में व्यक्त विचार

'भ्रष्टाचार के खात्मे से आयेगा स्वर्णयुग'

शिव आमंत्रण ■ हैदराबाद

भ्रष्टाचार के बारे में विचार व्यक्त करती सांसद के. कविता व उपस्थित पॉलिटिशियन्स।

शांति सरोवर में राजनीतिक नेताओं के लिए स्वर्णयुग की पुनर्स्थापना विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष स्वामी गौढ़, स्पीकर मधुसूदन चारी, सांसद के. कविता, विधायक ए. गांधी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायधीश वी. ईश्वरैय्या, संस्थान में राजनैतिक प्रभाग के अध्यक्ष बीके बृजमोहन, राष्ट्रीय संयोजिका बीके लक्ष्मी, मुख्यालय संयोजिका बीके उषा, शांति सरोवर की निदेशिका बीके कुलदीप, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका समेत राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लगभग 150 से अधिक लोग उपस्थित थे।

सेमिनार में सांसद के. कविता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के सदस्यों से कहा कि आजकल समाज के हर लेयर पर भ्रष्टाचार आ चुका है, इसको हम कैसे हैंडल कर सकते हैं, अगर आप इस विषय पर हमें कुछ टिप्स दे सकते हैं तो उसे हम जरूर ग्रहण करेंगे।

संस्थान के राजनैतिक प्रभाग के अध्यक्ष बीके बृजमोहन ने राजनीति में फैले भ्रष्टाचार को हैंडल करने के टिप्स बताए। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचारमुक्त गोल्डन एज बनाने के लिए गोल्डन को आयरन बनाने वाली जो पांच बातें हैं उनको छोड़ना पड़ेगा। वह बातें हैं मोह, लोभ, क्रोध,अभिमान, बुरी नजर आदि। ये पांच चीजे दिल में घुसने से दिल आयरन बना है। दूसरी बात शरीर समझने से हमारे अंदर वैल्यू सिस्टम डिस्टर्ब हो गया है। आत्मा समझने से वह पुन: प्राप्त हो जायेंगे। अंधेरे से रोशनी और असत्य से सत्य पॉवरफुल है यह ध्यान में रखेंगे तो पॉलिटिशियन्स के सामने कोई भी समस्या टिक नहीं सकती।

इसी दौरान स्वामी गौढ़ ने माउंट आबू आने पर हुए अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वहां प्रत्येक ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारी सफेद पोशाक में एकदम फरिश्ते जैसे लगते हैं, वहीं बीके कुलदीप ने बताया कि अगर हॉल में बैठे लोगों का कल्याण हुआ तो पूरे तेलंगाना का कल्याण हो जायेगा।

सेमिनार के दौरान उपस्थित लोगों में कई लोगों ने अपने नजदीकी सेवाकेंद्र पर जाकर राजयोग मेडिटेशन सीखने की रूची जाहिर की। हैदराबाद निवासियों के लिए पीस एंड साइलेंस विषय पर पब्लिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बीके बृजमोहन, बीके उषा ने सभी को संबोधित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से बीके उषा ने पूछा कि आपको क्या चाहिए, पीस चाहिए या साइलेंस चाहिए, साथ ही बताया कि साइलेंस अलग चीज है और पीस अलग चीज है।

साइलेंस है मन और शरीर की संतुलित स्थिति तो पीस है विचार और भावनाओं की संतुलित स्थिति। बीके बृजमोहन ने सभी को समय के महत्व से अवगत कराया। अंत में बीके उषा ने सभी को कॉमेंट्री द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया।

संस्थान में आकर मनुष्य बन जाता आदर्श : डाली

शिव आमंत्रण, भुवनेश्वर। ओड़िशा में भुवनेश्वर के 64-फॉरेस्ट पार्क सेवाकेंद्र का तीसरा वार्षिकोत्सव पूर्व मंत्री अरबिंद डाली, विधान सभा के पूर्व सचिव चंद्र शेखर मिश्रा, आर. डी. कॉलेज की प्रोफेसर विजया मिश्रा, रीजनल कॉलेज की प्रोफेसर ज्योत्सना मिश्रा, सुरक्षा प्रभाग के सदस्य कमांडर शिव सिंह, भुवनेश्वर सबजोन प्रभारी बीके लीना, यूनिट-8 सेवाकेंद्र प्रभारी बीके दुर्गेश नंदनी समेत अनेक वरिष्ठ बहनों की उपस्थिति में उमंग-उत्साह से संपन्न हुआ। समारोह में पूर्व मंत्री अरबिंद डाली ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान एक फैक्ट्री की तरह कार्य कर रही है, जहां कोई भी मनुष्य आकर एक आदर्श मनुष्य बन जाता है। साथ ही चंद्र शेखर मिश्रा ने कहा यह संस्थान आत्मा को परमात्मा से मिलाने के बीच सेतु का कार्य करता है। समारोह से पूर्व बीके लीना की अगुवाई में सदस्यों ने सर पर ज्ञान कलश, हाथों में शिव ध्वज लेकर शहर में भव्य रैली निकाली।

क्विक न्यूज

मलाड मस्ती पर विशाल कार्यक्रम

प्रदर्शनी सुनकर खुशी प्रदर्शित करते पुलिस अधिकारी व प्रेक्षक।

शिव आमंत्रण, मुम्बई। मुम्बई के मलाड में विधायक असलम शेख के सहयोग से मलाड मस्ती विषय पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारीज द्वारा सद्गुणों की स्थापना मानव मात्र में हो इसके लिये कुछ खेल खिलाये गये एवं सड़क दुर्घटना से बचने के लिये प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका कई लोगों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में मलाड सेवाकेंद्र प्रभारी बीके कुंती ने नववर्ष व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी व जीवन की सभी प्रकार की समस्याओं से निजात पाने के लिए सेवाकेंद्र पर आने का निमंत्रण दिया। पुलिस अधिकारियों ने भी प्रदर्शनी का लाभ लिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक असलम शेख ने बीके कुंती को पुष्प गुच्छ भेंट कर मलाड क्षेत्र में किये गये समाज में कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में लायन क्लब के अध्यक्ष विवेक सराफ, टीवी एक्टर आनंद गोराडिया, फ्लैमिंगो सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नीरजा, बीके सीमा एवं बीके संजय सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत में मनगंवा शामिल

स्वच्छ मनगंवा कार्यक्रम में बोलती बीके स्मृति।

शिव आमंत्रण, रीवा। मप्र. के रीवा में मनगंवा उपसेवाकेंद्र में भार्गव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेरा भारत स्वच्छ सुंदर भारत अभियान चलाया गया। जिसमें बीके अर्चना व प्रभारी बीके स्मृति ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी को पहले अपने अंदर से संपूर्ण बुराईयों को खत्म करके व्यसनमुक्त होकर संपूर्ण भारत देश को व्यसनमुक्त बनाने की प्रतिज्ञा करनी होगी। उसके साथ मेडिटेशन भी जरूरी है। साथ ही व्यसन से दूर रहने के लिए और घर-घर में शौचालय बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। स्कूल की निदेशिका साधना मिश्रा ने कहा कि आज से ही हम सभी दृढ़ संकल्प लेते हैं कि अपने मनगवां क्षेत्र को संपूर्ण व्यसनमुक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में 500 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया।

नागपुर में कीर्तन महोत्सव

महोत्सव का उद्घाटन करती बीके बहनें व अतिथि।

शिव आमंत्रण, नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय कीर्तनकार राजेंद्र बुवा मांडेवाल की स्मृति में कीर्तन महोत्सव आयोजन समिति द्वारा महाल स्थित चिटनिस पार्क में कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर विकास कुंभारे, आमदार गिरीश व्यास, दयाशंकर तिवारी सहित ब्रह्माकुमारी के नागपुर सेवाकेंद्रों की प्रभारी बीके रजनी, बीके मनीषा एवं बीके वर्षा मुख्य रूप से मौजूद थी। इस दौरान बीके वर्षा एवं बीके रजनी ने सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नागपुर शहर के सभी आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय योग दिवस के निमित्त काठमांडू में प्रभातफेरी

प्रभातफेरी में सहभागी बीके सदस्य व शिक्षामंत्री धनीराम पौडेल।

शिव आमंत्रण, काठमांडू। राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर काठमांडू में शिक्षा मंत्रालय व ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वाधान में 'करें योग, रहे निरोग' विषय पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारीज के राजयोग सेवाकेंद्र की सह निदेशिका बीके किरण, वरिष्ठ राजयोग शिक्षक बीके रामसिंह समेत सैकड़ों की संख्या में सदस्यों ने बैनर, स्लोगन बोर्ड व शिवध्वज लेकर अगुवाई की, साथ ही अनेक संस्थाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस प्रभातफेरी को शिक्षा मंत्री धनिराम पौडेल ने योग के प्रति जनजागृती के लिए अत्यन्त जरूरी बताते हुए कहा कि योग मनुष्यों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एकमात्र साधन है। अंत में बीके किरण ने धनिराम पौडेल व अन्य पदाधिकारियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की।

सभी के चेहरे पर अलग सा नूर है : अलमगीर खान

कार्यक्रम में बोलते अलमगीर खान।

शिव आमंत्रण, पटियाला। पंजाब के पटियाला सेवाकेंद्र पर बॉलीवुड सिंगर अलमगीर खान ने शिरकत की और अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ईश्वर, अल्लाह, गॉड सब एक के ही नाम हैं। यहां सभी के चेहरे पर अलग सा नूर है, अलग सी अमीरी है, जो परमात्मा की देन है और यह चन्द लोगों को ही नसीब होता है....। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शांता ने उनके आने पर शुभभावना व्यक्त की। सेवाकेंद्र की सभी वरिष्ठ बहनें व सेवाकेंद्र से जुड़े राजयोग का अभ्यास करने वाले सदस्य भी मुख्य रूप से इस अवसर पर उपस्थित थे।

राजकोट के 20 विद्यालयों में सड़क सुरक्षा का कार्यक्रम

केप्शन : सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी लेते बच्चे।

शिव आमंत्रण, राजकोट। राजकोट सुरक्षा सेतु सोसाईटी एवं ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त प्रयास द्वारा राजकोट के 20 विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवधपुरी सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रेखा के मार्गदर्शन में चित्र कला, लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। 1500 से अधिक स्कूली बच्चों को सड़क दुर्घटना के कारणों से अवगत कराया एवं धीमे वाहन चलाने की सलाह दी गई।

बागलकोट में आध्यात्मिक कार्यक्रम

शिव आमंत्रण, बागलकोट। कर्नाटक के बागलकोट में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीके बहनों ने परमात्म अवतरण का संदेश दिया एवं राजयोग सीखने का आग्रह किया। नकरा गुंडी गॉव में आयोजित इस कार्यक्रम का लाभ विभिन्न स्थानों से आये साधु संतो एवं एक हजार से अधिक लोगों ने लिया।